श्री केदार प्रसाद गुप्ता, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या –189/26 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्र0 सं0 | प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–189/26 | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1 | हम सारण जिला अंतर्गत तरैया विधान सभा के अंचल तरैया के निवासी प्रार्थना करते है कि सारण जिला का लगभग 30 हजार एकड़ भूमि बाढ़ एवं जल जमाव से प्रभावित रहने के कारण कृषि कार्य प्रभावित रहता है।<br><br>सारण जिला के पानापुर एवं तरैया अंचलों के 9 पंचायतों (तरैया विधान सभा क्षेत्र) की अधिकाश कृषि योग्य भूमि का क्षेत्र गंडक नदी से नजदीक रहने के बावजूद भी सिंचाई को कोई भी स्रोत उपलब्ध नहीं है।<br>अतः याचिका के माध्यम से सरकार से याचना करते है कि उद्वह सिंचाई योजना (Lift Irrigation) लागू कर तरैया विधान सभा क्षेत्र के 9 पंचायतों के प्रभावित किसानों के खेतों में सिंचाई हेतु गंडक नदी का जल पहुँचाने की व्यवस्था करवाने की कृपा की जाय । | वस्तुस्थिति यह है कि :–<br>• सारण जिलान्तर्गत बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण के समेकित उद्देश्य हेतु योजना तैयार की गयी है, जिसपर गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग (GFCC) का अनुशंसा प्राप्त है। भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त योजना के कार्यान्वयन निमित कार्रवाई की जायेगी।<br><br>• सारण जिला अंतर्गत तरैया अंचल के 05 पंचायत तथा पानापुर अंचल के 04 पंचायत पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के कमांड क्षेत्र में नहीं आते हैं। अतएव गंडक नदी से उद्वह सिंचाई योजना (Lift Irrigation) के लिए स्थल सर्वेक्षण कर तकनीकी संभाव्यता हेतु सम्बंधित मुख्य अभियंता और मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन को विभागीय पत्रांक 1513 दिनांक 21.07.2026 से निदेशित किया गया है। |

P.T.O.

**बिहार सरकार**

**<u>जल संसाधन विभाग</u>**

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–06 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–494 दिनांक–18.04.2026 के प्रसंग में याचिका सं0–189 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–06 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–06 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–06 / 2026– 3266 पटना, दिनांक– 23/07/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23.07.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
23.7.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo